7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totalled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.

8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Evaluation Guidelines). This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper.
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. ● Wrong question wise totaling on the title page. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totalled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

अंकन योजना
सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025
अर्थशास्त्र (विषय कोड –030)
[प्रश्न-पत्र कोड : 58/6/3]

अधिकतम अंक : 80

<table>
<tr><th>प्र.सं</th><th>अपेक्षित उत्तर/मान्य बिंदु</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td colspan="3">खण्ड - क
(समष्टि अर्थशास्त्र)</td></tr>
<tr><td>1.</td><td>पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा विदेशी मुद्रा की माँग का एक स्रोत नहीं है।
(सही विकल्प का चयन कीजिए)
(A) वस्तुओं और सेवाओं का आयात
(B) भारतीयों द्वारा विदेश में रहने वाले अपने परिवारों को उपहार
(C) विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीय पर्यटक
(D) शेष विश्व से प्राप्त ऋण
उत्तर - (D) शेष विश्व से प्राप्त ऋण</td><td>1</td></tr>
<tr><td>2.</td><td>दी गई सूचना का उपयोग करते हुए, निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए:
(सही विकल्प का चयन कीजिए)
<table>
<tr><th>आय (Y)
(₹ करोड़ में)</th><th>बचत
(₹ करोड़ में)</th><th>उपभोग
(₹ करोड़ में)</th><th>औसत उपभोग प्रवृत्ति
(APC)</th></tr>
<tr><td>0</td><td>..(i)..</td><td>30</td><td>-</td></tr>
<tr><td>100</td><td>0</td><td>..(ii)..</td><td>1</td></tr>
<tr><td>200</td><td>30</td><td>170</td><td>0.85</td></tr>
<tr><td>300</td><td>60</td><td>240</td><td>0.8</td></tr>
</table>
विकल्प:
(A) -30, 120
(B) 30, 120
(C) 0, 70
(D) -30, 100
उत्तर - (D) -30, 100</td><td>1</td></tr>
<tr><td>3.</td><td>केंद्रीय बैंक _____ द्वारा अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में कमी कर सकता है।
(रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)
(A) नकद आरक्षित में कमी
(B) बैंक दर में वृद्धि
(C) बैंक दर में कमी
(D) G-Secs (सरकारी प्रतिभूतियों) के क्रय
उत्तर - (B) बैंक दर में वृद्धि</td><td>1</td></tr>
<tr><td>4.</td><td>मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था में, नियोजित व्यय नियोजित उत्पादन से अधिक है।
दी गई स्थिति के अर्थव्यवस्था पर प्रभाव के संबंध में सही विकल्प की पहचान कीजिए:
(i) अर्थव्यवस्था में नियोजित मालसूची (inventories) में कमी
(ii) राष्ट्रीय आय में वृद्धि
(iii) अर्थव्यवस्था में वास्तविक उत्पादन स्तर में कमी
(iv) अर्थव्यवस्था में रोज़गार स्तर में कमी
विकल्प :
(A) केवल (i) (B) (i) और (ii)
(C) (iii) और (iv) (D) (ii), (iii) और (iv)
उत्तर - (B) (i) और (ii)</td><td>1</td></tr>
</table>

5.	यदि बैंकों द्वारा कुल सृजित साख ₹500 है, तथा आरक्षित अनुपात 20% है, तो प्रारंभिक जमा का मूल्य _____ होगा। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) ₹200 (B) ₹300 (C) ₹100 (D) ₹500 **उत्तर - (C) ₹100**	**1**
6.	यदि निवेश गुणक (K) का मान 5 है, तो प्रासंगिक बचत फलन _____ होगा। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) S = -60 + 0.25 Y (B) S = -60 + 0.75 Y (C) S = -60 + 0.20 Y (D) S = -60 + 0.60 Y **उत्तर - (C) S = – 60 + 0.20 Y**	**1**
7.	पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सी मद भारत की राष्ट्रीय आय के आकलन में सम्मिलित नहीं की जाएगी। (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) भारत में रूसी दूतावास में कार्यरत भारतीय निवासियों को प्राप्त वेतन (B) तस्करी से होने वाली आय (C) कृषि श्रमिकों को खाद्यान्न के रूप में भुगतान (D) किसी फर्म द्वारा बैंक को भुगतान किया गया ब्याज **उत्तर - (B) तस्करी से होने वाली आय**	**1**
8.	यदि एक ऊर्ध्वगामी ढालु (upward sloping) सीधी रेखा उपभोग फलन, Y-अक्ष के किसी सकारात्मक निर्देशांक (coordinate) पर अंतःखंड (intercept) बनाता है, तो इसका तात्पर्य यह होगा कि आय में वृद्धि होने पर सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) _____ तथा औसत उपभोग प्रवृत्ति (APC) _____ । (रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) स्थिर रहेगी, में वृद्धि होगी (B) में वृद्धि होगी, में वृद्धि होगी (C) स्थिर रहेगी, में गिरावट होगी (D) में गिरावट होगी, में गिरावट होगी **उत्तर - (C) स्थिर रहेगी, में गिरावट होगी**	**1**
9.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए : *कथन 1* : किसी अन्य मुद्रा के संदर्भ में दी गई मुद्रा की कीमत को बैंक दर कहा जाता है। *कथन 2* : विदेशी मुद्रा की माँग वक्र नीचे की ओर ढालू वक्र होता है। दीए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर - (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।**	**1**
10.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिएः *अभिकथन (A)* : अन्य चीजें समान रहने पर, घरेलू मुद्रा के अवमूल्यन से देश की राष्ट्रीय आय में वृद्धि हो सकती है। *कारण (R)* : घरेलू मुद्रा के अवमूल्यन से तात्पर्य स्थिर विनिमय दर प्रणाली के अंतर्गत सरकार द्वारा विदेशी मुद्राओं के संबंध में घरेलू मुद्रा के मूल्य में कमी से है। **विकल्प** : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर - (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।**	**1**

11.	चालू खाते तथा पूंजी खाते में विभेद कीजिए। **उत्तर: चालू खाता वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा हस्तांतरण भुगतान के कारण विदेशी मुद्रा की प्राप्तियों और भुगतानों को अभिलेखित करता है। चालू खाते के घटकों में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात और आयात तथा विदेश से/विदेश को हस्तांतरण भुगतान सम्मिलित होते हैं।** **जबकि;** **पूंजी खाता ऐसे लेनदेन के कारण विदेशी मुद्रा की प्राप्तियों और भुगतानों को अभिलेखित करता है, जो किसी देश की परिसंपत्तियों या देनदारियों के स्वामित्व में परिवर्तन को प्रभावित करता है। पूंजी खाते के घटकों में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI), विदेशी संस्थागत निवेश (FII), बाहरी ऋण तथा सहायता सम्मिलित होते हैं। (अन्य कोई वैध व्याख्या को अंक प्रदान किये जाएँ।)**	**1 ½** **1 ½** **3**
12. (क)	नीचे दिए गए आँकड़ों द्वारा घरेलू आय (NDP_{FC}) की गणना कीजिए : *क्रम संख्या* | *विवरण* | *राशि (₹ लाख में)* (i) | बाज़ार मूल्य पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद | 2500 (ii) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 200 (iii) | वस्तु व सेवा कर | 20 (iv) | उपदान | 50 (v) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध करक आय | 50 (vi) | स्टॉक में परिवर्तन | 30 (vii) | स्थायी परिसंपत्ति की अप्रत्याशित हानि | 500 **उत्तर - घरेलू आय (NDP_{FC}) = (i) – (ii) – (v) – {(iii) – (iv)}** **= 2,500 – 200 – 50 – {20 – 50}** **= ₹ 2,280 लाख** **अथवा**	**1 ½** **1** **½** **3**
(ख)	विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय (NFIA) को परिभाषित कीजिए तथा इसके घटकों की व्याख्या कीजिए। **उत्तर - विदेश से शुद्ध कारक आय (NFIA), शेष विश्व से प्राप्त कारक आय और शेष विश्व को भुगतान की गई कारक आय के बीच का अंतर है।** **विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय (NFIA) के घटक:** • **कर्मचारियों का शुद्ध पारिश्रमिक (COE), विदेशों से देश के सामान्य निवासीयों द्वारा अर्जित पारिश्रमिक और घरेलू क्षेत्र में काम करने वाले गैर-निवासियों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक के मध्य के अंतर को संदर्भित करता है।** • **संपत्ति और उद्यमिता से शुद्ध आय, किराया, ब्याज और लाभ से देश के सामान्य निवासीयों द्वारा अर्जित आय और घरेलू क्षेत्र में काम करने वाले गैर-निवासियों को किए गए समान भुगतानों के मध्य के अंतर को संदर्भित करती है।** • **शुद्ध प्रतिधारित आय, विदेशों में सामान्य निवासी कंपनियों और घरेलू स्तर पर काम करने वाली विदेशी कंपनियों की प्रतिधारित आय के मध्य के अंतर को संदर्भित करती है।**	**1 ½** **½** **½** **½** **3**
13.	"1990 के दशक में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की सलाह पर, भारत सरकार ने विभिन्न राष्ट्रों के पास स्वर्ण भंडार को गिरवी रखने का निर्णय लिया था।" उपर्युक्त कथन के आलोक में, सरकार के बैंकर, एजेंट व सलाहकार के रूप में केंद्रीय बैंक की भूमिका पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। **उत्तर: केंद्रीय बैंक सरकार के लिए बैंकर के रूप में कार्य करता है। यह सरकार के लिए प्राप्तियां स्वीकार करता है व भुगतान करता है, तथा विनिमय, प्रेषण और अन्य बैंकिंग परिचालन करता है। केंद्रीय बैंक सरकार को अल्पकालिक ऋण भी प्रदान करता है, ताकि सरकार संवितरण (disbursements) पर प्राप्तियों की किसी भी कमी को पूरा कर सके। सरकार के बैंकर के रूप में,**	**4**

	केंद्रीय बैंक के पास सार्वजनिक ऋण के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी होती है। जैसा कि उपरोक्त गद्य में संकेतित है, केंद्रीय बैंक सरकार को विभिन्न वित्तीय, आर्थिक और मौद्रिक मुद्दों पर सलाह भी देता है। **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	
14. **(क)**	"एक अर्थव्यवस्था आय के अल्प-रोज़गार स्तर पर संचालित हो रही है!" यह स्थिति क्या दर्शाती है? इस स्थिति से निपटने के लिए किसी एक राजकोषीय उपाय पर चर्चा कीजिए। **उत्तर - दी गई स्थिति न्यून-मांग के समस्या को दर्शाती है।** **अर्थव्यवस्था में न्यून-मांग की स्थिति से निपटने के लिए, सरकार करों की दर को कम कर सकती है जिससे आम जनता के हाथों में प्रयोज्य आय (क्रय शक्ति) में वृद्धि हो सकती है। परिणामस्वरूप, यह समग्र मांग (AD) में वृद्धि कर सकता है, जिससे न्यून-मांग की स्थिति को ठीक किया जा सकता है।** **(किसी भी अन्य किसी मान्य उपाय के लिए भी अंक प्रदान किए जाएं)**	**1** **3**
	अथवा	**4**
(ख)	एक काल्पनिक संख्यात्मक उदाहरण का उपयोग करके विस्तार से बताइए कि, निवेश में की गई प्रारंभिक वृद्धि अर्थव्यवस्था के अंतिम आय के स्तर को कैसे प्रभावित करती है। **उत्तर - गुणक की क्रिया इस तथ्य पर आधारित है कि किसी एक का व्यय दूसरे की आय होती है। माना कि निवेश में वृद्धि (₹ 1,000 करोड़) है और सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) 0.8 है:**	**4**

चक्र	निवेश में वृद्धि (ΔI) (₹ करोड़ में)	आय में वृद्धि (ΔY) (₹ करोड़ में)	उपभोग में वृद्धि (ΔC) (₹ करोड़ में)	बचत में वृद्धि (ΔS) (₹ करोड़ में)
1	1,000	1,000	800	200
2	—	800	640	160
3	—	640	512	128
—	—	.	.	.
—	—	.	.	.
योग	1,000	5,000	4,000	1,000

इस प्रकार, उपरोक्त तालिका ₹ 1,000 करोड़ के निवेश (ΔI) में वृद्धि को दर्शाती है, जिसके परिणामस्वरूप आय पर गुणक प्रभाव पड़ता है। जिससे, आय में ₹ 5,000 करोड़ की वृद्धि होती है।

कार्य विवरण:

$\mathbf{K = \frac{1}{1-MPC} = \frac{1}{1-0.8} = 5}$

$\mathbf{K = \frac{\Delta Y}{\Delta I}}$

$\mathbf{5 = \frac{\Delta Y}{1{,}000}}$

ΔY= ₹ 5,000 करोड़

(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)
(कार्य विवरण के लिए कोई अंक नहीं दिया जाए)
(किसी भी अन्य मान्य संख्यात्मक उदाहरण के लिए भी अंक प्रदान किए जाएँ।)

15.	एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में समग्र मांग (AD) का मूल्य अनुमानित करें: (i) स्वायत्त निवेश (I_0) = ₹ 100 करोड़ (ii) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.2 (iii) आय का स्तर (Y) = ₹ 4,500 करोड़ (iv) स्वायत्त उपभोग व्यय ($\bar{c}$) = ₹ 50 करोड़ **उत्तर: दिया गया है, सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.2** **जैसा कि हम जानते हैं, समग्र मांग (AD) = C + I** **= $\bar{C}$+ (MPC) Y+ I**	**1** **1**

	= 50 + (0.2) x 4,500 + 100 **= ₹ 1,050 करोड़**	**1** **1**
		4
16. (क)	(i) मान लीजिए कि, एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में केवल तीन फर्में A, B और C हैं। एक निश्चित समयावधि के दौरान, उनके द्वारा निम्नलिखित लेन-देन किए गए हैं : (I) फर्म A ने फर्म B को ₹2,000 तथा फर्म C को ₹1,200 के मूल्य का माल विक्रय किया। (II) फर्म B ने फर्म A को ₹1,100 तथा फर्म C को ₹3,500 के मूल्य का माल विक्रय किया। (III) फर्म C ने गृहस्थों को ₹5,700 के मूल्य के माल को अंतिम उपभोग के लिए विक्रय किया। मूल्यह्रास को ₹120 मानते हुए, बाजार मूल्य पर शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP_{MP}) के मूल्य का अनुमान लगाइए। **उत्तर**:	

फर्म	**उत्पादन का मूल्य (₹ में) (i)**	**मध्यवर्ती उपभोग (₹ में) (ii)**	**वर्धित मूल्य (₹ में) {(i) – (ii)}**
A	**2,000 + 1,200**	**1,100**	**2,100**
B	**1,100 + 3,500**	**2,000**	**2,600**
C	**5,700**	**1,200 + 3,500**	**1,000**
	13,500	**7,800**	**5,700**
बाजार मूल्य पर सकल घरेलू उत्पाद **(GDP_{MP})**			

½ ½ ½ ½

बाजार मूल्य पर शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP_{MP}) = GDP_{MP} – मूल्यह्रास
= 5,700 – 120
= ₹ 5,580

½ ½

(ii) किसी राष्ट्र में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु 2000 नए विद्यालयों के निर्माण से अर्थव्यवस्था में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व कल्याण पर संभावित प्रभावों की व्याख्या कीजिए।

उत्तर: 2000 नए स्कूलों के निर्माण से सकल घरेलू उत्पाद (GDP) पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है क्योंकि निर्माण से सामान्यतः अर्थव्यवस्था में अधिक निवेश आकर्षित होता है और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकती है। इससे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा का प्रावधान हो सकता है, ज्ञान, कौशल, दक्षता में वृद्धि हो सकती है और नागरिक सहभागिता बढ़ सकती है। परिणामस्वरूप, इससे नागरिकों के कल्याण में वृद्धि होगी। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए) — **3**

अथवा — **6**

(ख)	(i) वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद में विभेद कीजिए। **उत्तर: वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी अर्थव्यवस्था के घरेलू क्षेत्र में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है, जिसे आधार वर्ष की कीमतों पर मापा जाता है।** **जबकि;** **मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) किसी अर्थव्यवस्था के घरेलू क्षेत्र में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं और सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है, जिसे चालू वर्ष की कीमतों पर मापा जाता है।** (ii) दिनांक 11 अप्रैल, 2023 की एक ख़बर के अनुसार : "वित्तीय वर्ष 2023 में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री एक मिलियन का आंकड़ा पार कर गई है।" सकल घरेलू उत्पाद (GDP) व आर्थिक कल्याण पर इसके प्रभाव का विश्लेषण कीजिए।  **उत्तर: इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) की बिक्री में वृद्धि से सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और कल्याण दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशा है। EV की बिक्री में वृद्धि प्रत्यक्ष रूप से मूल्य संवर्धन और**	**1 ½** **1 ½** **3**

	परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की GDP में योगदान देती है । इसके अतिरिक्त, EV पर्यावरण के अनुकूल हैं क्योंकि ये प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं और ऊर्जा कुशल होते हैं। परिणामस्वरूप, नागरिकों का कल्याण बढ़ेगा तथा सकारात्मक बह्याताएं उत्पन्न होंगी। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए) नोट: *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **16 (ख) (ii)** के स्थान पर है।* व्याख्या कीजिये कि, किस प्रकार 'गैर-मौद्रिक लेन-देन' कल्याण के सूचक के रूप में GDP के उपयोग को सीमित करते हैं। **उत्तर: ऐसी कई वस्तुएँ और सेवाएँ हैं जो अर्थव्यवस्था में कल्याण में योगदान दे सकती हैं, किन्तु सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के अनुमान में सम्मिलित नहीं हो पाती हैं। इन लेन-देन को 'गैर-मौद्रिक लेन-देन' कहा जाता है। गृहणियों द्वारा प्रदान की जाने वाली घरेलू सेवाएँ जैसी गतिविधियाँ कल्याण में योगदान देती हैं, परन्तु GDP के अनुमान में सम्मिलित नहीं होते हैं क्योंकि उनका भुगतान नहीं किया जाता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3** **6**
17.	निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए : सरकार निश्चित वस्तुओं तथा सेवाओं को उपलब्ध करवाती है, जिन्हें बाजार-तंत्र के द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया जा सकता। इस प्रकार की वस्तुओं के उदाहरण हैं — राष्ट्रीय सुरक्षा, सड़कें, सरकारी प्रशासन इत्यादि, जिन्हें सार्वजनिक वस्तुएं कहा जाता है। निजी वस्तुओं तथा सार्वजनिक वस्तुओं में अंतर समझना होगा। इनमें दो मुख्य अंतर हैं। पहला तो यह, कि सार्वजनिक वस्तुएं सभी के लिए उपलब्ध हैं तथा इनके लाभ किसी एक विशेष उपभोक्ता तक ही सीमित नहीं हैं। उदाहरण के लिए, यदि एक व्यक्ति कमीज़ पहनता है, तो वह अन्य व्यक्तियों के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी।यह कहा जा सकता है कि इस व्यक्ति के उपभोग तथा अन्य व्यक्तियों के उपभोग में प्रतिद्वंदी सम्बन्ध है। लेकिन यदि हम सार्वजानिक पार्क या वायु प्रदुषण नियंत्रित करने के उपायों की बात करें, इनके लाभ सभी के लिए उपलब्ध होंगे। एक व्यक्ति द्वारा एक वस्तु का उपयोग दूसरों के लिए उसके उपयोग की उपलब्धता को कम नहीं करेगा। अतः एक साथ कई लोग इसका लाभ उठा सकते हैं, अर्थात् यहाँ कई लोगों का उपयोग प्रतिद्वंद्वात्मक नहीं होगा। दूसरे, निजी वस्तुओं के संदर्भ में, जो व्यक्ति वस्तुओं के लिए भुगतान नहीं करता, उसे इनका लाभ उठाने से वंचित किया जा सकता है। यदि आप टिकट न खरीदें, तो आपको सिनेमा घर में फिल्म देखने की अनुमति नहीं मिलेगी। लेकिन सार्वजनिक वस्तुओं के संदर्भ में, किसी को भी वस्तु का लाभ उठाने से वंचित करने का कोई साध्य (कारगर) तरीका नहीं है। इसलिए सार्वजनिक वस्तुओं को गैर-अपवार्जनीय कहा जाता है। यदि कुछ उपभोक्ता भुगतान नहीं भी करते हैं तो भी सार्वजनिक वस्तुओं के लिए शुल्क एकत्रित करना कठिन ही नहीं, अपितु बहुत बार असंभव हो जाता है। इन भुगतान दिए बिना उपयोग करने वालों को फ्री-राइडर्स (मुफ्तखोर) कहा जाता है। उपभोक्ता ऐच्छिक रूप से उन चीजों को भुगतान नहीं करेंगे, जिन्हें वे मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं या जिनके लिए मालिकाना अधिकार अनन्य (स्पष्ट) नहीं है। उत्पादक तथा उपभोक्ता के बीच भुगतान प्रक्रिया के द्वारा स्थापित होने वाली कड़ी टूट जाती है। ऐसे में, इस प्रकार की वस्तुओं को उपलब्ध करवाने के लिए सरकार का आगे आना ज़रूरी है। दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (क) सरकार द्वारा सार्वजनिक वस्तुओं की प्रदानगी का सामुदायिक कल्याण पर प्रभाव बताइए। **उत्तर: सार्वजनिक वस्तुओं से तात्पर्य उन वस्तुओं और सेवाओं से है जिन्हें बाजार तंत्र द्वारा उपलब्ध नहीं किया जा सकता है। सार्वजनिक वस्तुओं के लिए सरकार का प्रावधान उन वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करता है जिनका सामूहिक रूप से जनता द्वारा उपभोग किया जा सकता है। एक व्यक्ति द्वारा एक वस्तु का उपयोग दूसरों के लिए उसके उपयोग की उपलब्धता को कम नहीं करेगा। अतः एक साथ कई लोग इसका लाभ उठा सकते हैं, तथा, सामुदायिक कल्याण में वृद्धि होती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** (ख) फ्री-राइडर्स (मुफ्तखोर) को परिभाषित कीजिए। सार्वजनिक वस्तुओं के संदर्भ में फ्री-राइडर्स द्वारा उत्पन्न चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। **उत्तर: सार्वजनिक वस्तुओं का उपभोग करने के लिए भुगतान न करने वाले उपयोगकर्ताओं को 'फ्री-राइडर्स' (मुफ्तखोर) के रूप में जाना जाता है।** **लोग सार्वजनिक वस्तुओं के लिए भुगतान नहीं करते हैं क्योंकि ये वस्तुएँ सभी के लिए निःशुल्क उपलब्ध होती हैं। सरकार को ऐसी गैर-अपवार्जनीय(non-excludable) वस्तुएँ उपलब्ध कराने के लिए हस्तक्षेप**	**3** **1** **2**

	करना चाहिए, क्योंकि ये वस्तुएँ व्यक्तियों के स्वामित्व में नहीं होती हैं। इस प्रकार, सार्वजनिक वस्तुओं का वित्तीय भार सरकार द्वारा वहन किया जाता है।	**6**
	खंड ख **भारतीय आर्थिक विकास**	
18.	निम्नलिखित में से किस राष्ट्र/किन राष्ट्रों ने आर्थिक विकास के लिए पंचवर्षीय योजना ढांचे का पालन किया था? (सही विकल्प का चयन कीजिए) (i) भारत (ii) चीन (iii) पाकिस्तान (iv) संयुक्त राज्य अमेरिका **विकल्प**: (A) (i), (ii) और (iii) (B) (ii) और (iii) (C) (i) और (iv) (D) केवल (iv) **उत्तर: (A) (i), (ii) और (iii)**	**1**
19.	निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए: *कथन 1* : रोज़गार एक ऐसी गतिविधि है, जो किसी व्यक्ति को अपने परिवार के लिए आजीविका का साधन अर्जित करने में सक्षम बनाती है। *कथन 2* : श्रमिक वह है जो, अपनी उत्पादक सेवाओं द्वारा सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में योगदान देता है। दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए: (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है(C) कथन 1 व 2 दोनों सत्य हैं (D) कथन 1 व 2 दोनों असत्य हैं **उत्तर: (C) कथन 1 व 2 दोनों सत्य हैं**	**1**
20.	_____ संकेतक को सामाजिक व राजनीतिक निर्णय लेने में जनसांख्यिकीय भागीदारी की सीमा के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) आर्थिक (B) स्वतंत्रता (C) स्वास्थ्य (D) जनसांख्यिकीय **उत्तर: (B) स्वतंत्रता**	**1**
21.	श्वेत क्रांति _____ से संबंधित है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) बागवानी (B) मत्स्य पालन (C) दुग्ध उत्पादन (D) पशु पालन **उत्तर: (C) दुग्ध उत्पादन**	**1**
22.	चीन में, _____ के अंतर्गत, कृषकों को बड़े खेत बनाने के लिए सामूहिक भूमि प्रदान की गई, जिससे अधिक उत्पादन प्राप्त हो और वे कृषि उपकरण साझा कर सकें। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) संयुक्त कृषि प्रणाली (B) कम्यून प्रणाली (C) महान सर्वहारा सांस्कृतिक क्रांति (D) हरित क्रांति **उत्तर: (B) कम्यून प्रणाली**	**1**
23.	निम्नलिखित कथनों - अभिकथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए: *अभिकथन (A)* : वर्ष 1921 को महान विभाजक वर्ष (Year of Great Divide) कहा जाता है। *कारण (R)* : वर्ष 1921 के उपरांत, भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में तीव्र बढ़ोतरी हुई थी। **विकल्प** : (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।	

	(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है। **उत्तर: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।**	**1**
24.	माओ ने वर्ष _____ में 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड' (GLF) आंदोलन की शुरुआत की थी। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) 1951 (B) 1955 (C) 1958 (D) 1962 **उत्तर: (C) 1958**	**1**
25.	"भारत सरकार ने किसी व्यक्ति के लिए अधिकतम भूमि धारण सीमा (स्वामित्व) तय करने की नीति अपनाई थी।" इसे साधारणतः _____ के रूप में जाना जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) हरित क्रांति (B) भूमि परिसीमन (C) विक्रय अधिशेष (D) स्वर्णिम क्रांति **उत्तर: (B) भूमि परिसीमन**	**1**
26.	निम्नलिखित चित्र का अध्ययन कीजिए व सरकार द्वारा कृषि विपणन में सुधार के लिए अपनाए गए उपाय की पहचान कीजिए। (सही विकल्प का चयन कीजिए)  (A) सहकारी ऋण समितियाँ (B) विनियमित बाजार (C) परिवहन सुविधाएँ (D) सूचना का प्रसार **उत्तर: (B) विनियमित बाजार**	**1**
	*नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर है।* पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा सरकार द्वारा कृषि विपणन में सुधार के लिए अपनाए गए उपायों में से एक ***नहीं*** है। (A) सहकारी ऋण समितियाँ (B) गैर-विनियमित (unregulated) बाजार (C) बेहतर परिवहन सुविधाएँ (D) सूचना का प्रसार **उत्तर: (B) गैर-विनियमित (unregulated) बाजार**	**1**
27.	पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सा उदारीकरण को सही प्रकार से परिभाषित करता है। (सही विकल्प का चयन कीजिए) (A) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs) के शेयरों के एक हिस्से की एकमुश्त बिक्री (B) शेष विश्व के साथ वर्धित एकीकरण (C) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना (D) आयात प्रतिस्थापन पर ध्यान देना **उत्तर: (C) अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को हटाना**	**1**
28. (क)	"ब्रिटिश शासन के दौरान, सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान बेहद कम रहा था।" अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्कों सहित दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए।	

	उत्तर: ब्रिटिश शासन के अंतर्गत, औपनिवेशिक सरकार की व्यवस्थित विऔद्योगीकरण नीति के कारण भारत का औद्योगिक क्षेत्र अविकसित रहा। अंग्रेजों का लक्ष्य भारत को कच्चे माल का निर्यातक और ब्रिटिश उद्योगों के तैयार माल का बाज़ार बनाना था। ब्रिटिश नीतियों के कारण भारतीय शिल्पकला उद्योग का भी पतन हुआ तथा पूंजीगत उद्योगों का आभाव बना रहा, जिससे सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में इनका योगदान निम्न रहा। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)	**3**
	अथवा	
(ख)	"ब्रिटिश शासन के अंतर्गत आधारिक संरचना के विकास के पीछे असली मकसद भारत के लोगों को बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना ना होकर विभिन्न औपनिवेशिक हितों को ध्यान में रखना था।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दीजिए। **उत्तर: सहमत। रेलवे, डाक और टेलीग्राफ जैसी बुनियादी सुविधाएँ औपनिवेशिक शासन के हितों की पूर्ति के लिए विकसित की गई थीं। सड़कें और रेलवे मुख्य रूप से भारत के भीतर सेना के आवागमन और ग्रामीण क्षेत्रों से कच्चा माल लाने के लिए बनाए गए थे। इसके अतिरिक्त, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए टेलीफोन और टेलीग्राफ जैसे संचार सुविधाएँ आरंभ की गई थी। इस प्रकार, इस विकास के पीछे असली उद्देश्य भारत के लोगों को बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना नहीं, बल्कि विभिन्न औपनिवेशिक हितों की पूर्ति करना था। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
29.	दिए गए चित्र के आधार पर, मानव पूँजी निर्माण के स्रोत को समझाइए जो भारत की आर्थिक वृद्धि में योगदान दे सकता है।  **उत्तर: दिए गए चित्र में दर्शाया गया मानव पूंजी निर्माण (HCF) का स्रोत शिक्षा में निवेश है।** **शिक्षा सामाजिक और वैज्ञानिक प्रगति को अपनाने तथा उसके उसके साथ सामंजस्य स्थापित करने में सहायता करती है। यह अर्थव्यवस्था में आविष्कारों और नवाचारों को प्रोत्साहित करती है। इसी प्रकार, शिक्षित श्रम शक्ति की उपलब्धता नई तकनीक के साथ समन्वय की सुविधा प्रदान करती है। शिक्षा के माध्यम से प्राप्त तकनीकी कौशल दिए गए संसाधनों का बेहतर उपयोग करने का अवसर प्रदान करते हैं जिससे राष्ट्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
	नोट: *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***29*** *के स्थान पर है।* मानव पूँजी निर्माण के स्रोत के रूप में "शिक्षा में निवेश" की व्याख्या कीजिए। **उत्तर: शिक्षा सामाजिक और वैज्ञानिक प्रगति को अपनाने तथा उसके उसके साथ सामंजस्य स्थापित करने में सहायता करती है। यह अर्थव्यवस्था में आविष्कारों और नवाचारों को प्रोत्साहित करती है। इसी प्रकार, शिक्षित श्रम शक्ति की उपलब्धता नई तकनीक के साथ समन्वय की सुविधा प्रदान करती है। शिक्षा के माध्यम से प्राप्त तकनीकी कौशल दिए गए संसाधनों का बेहतर उपयोग करने का अवसर प्रदान करते हैं जिससे राष्ट्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
30.	"अनौपचारिक क्षेत्र के बजाय औपचारिक क्षेत्र में ज्यादा रोजगार पैदा करना आवश्यक है।" वैध तर्कों द्वारा उपयुक्त कथन की पुष्टि कीजिए। **उत्तर: औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारी श्रमिक संघ बना सकते हैं तथा उन्हें उचित वेतन और अन्य सामाजिक सुरक्षा उपायों का अधिकार होता है। वहीँ दूसरी ओर, अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को नियमित आय नहीं मिलती है। इसके अतिरिक्त, उन्हें सरकार से कोई सुरक्षा/नियमन प्राप्त नहीं होता है। कई बार, श्रमिकों को बिना किसी क्षतिपूर्ति के निष्कासित किया जा सकता है। इसलिए, औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारी सामान्यतः अनौपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों की तुलना में बेहतर स्थिति में होते हैं।**	**4**

	अतः, अनौपचारिक क्षेत्र के बजाय औपचारिक क्षेत्र में रोजगार पैदा करना आवश्यक है। **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	
31.	ऐसे किन्हीं दो कारणों का मूल्यांकन कीजिए जिनके आधार पर चीन में आर्थिक विकास में तीव्र वृद्धि हुई। **उत्तर: चीन में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले दो कारण निम्नलिखित हैं:** • **प्रारंभिक चरण में, कृषि, विदेशी व्यापार और निवेश क्षेत्रों में सुधार आरंभ किए गए थे। कृषि में, सामुदायिक भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित किया गया था, जिन्हें व्यक्तिगत परिवारों को आवंटित किया गया था (उपयोग के लिए न की स्वामित्व के लिए)। उन्हें निर्धारित करों का भुगतान करने के बाद भूमि से होने वाली सभी आय को रखने की अनुमति दी गई थी।** • **बाद के चरण में औद्योगिक क्षेत्र में सुधार शुरू किए गए थे। निजी क्षेत्र की फर्मों (स्थानीय सामूहिक स्वामित्व वाली तथा उनके द्वारा संचालित) को वस्तुओं का उत्पादन करने की अनुमति दी गई। परिणामस्वरूप, सरकार के स्वामित्व वाले उद्यमों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। (अन्य कोई उपयुक्त कारण के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)**	**2** **2** **4**
32. **(क)**	"21वीं शताब्दी में देश में धारणीय विकास और खाद्य सुरक्षा को प्राप्त करने में सूचना प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।" दिए गए कथन का वैध तर्कों के साथ औचित्य सिद्ध कीजिए। **उत्तर: सरकार को खाद्य असुरक्षा की आशंका वाले क्षेत्रों का पूर्वानुमान लगाने में सहायता करके सूचना प्रौद्योगिकी (IT) एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सूचना और सॉफ्टवेयर उपकरणों का उपयोग करके, विपत्तियों की संभावना को सीमित करने के लिए समय पर कार्यवाही की जा सकती है। यह प्रोद्योगिकी उदीयमान तकनीकों, कीमतों, मौसम और विभिन्न फसलों को उगाने के लिए मृदा की दशाओं आदि के बारे में जानकारी प्रसारित करने में सहायक है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**4**
	अथवा	
(ख)	ग्रामीण विकास में साख उपलब्धता के महत्व की व्याख्या कीजिए। **उत्तर: ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास मुख्य रूप से समय-समय पर कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों में उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के लिए पूंजी के निवेश पर निर्भर करता है। चूंकि खेतों में बीजारोपण से फसल पकने के बाद आमदनी होने तक की अवधि काफी लंबी होती है, इसलिए, बीज, उर्वरक, उपकरण में प्रारंभिक निवेश आदि के साथ साथ अन्य पारिवारिक खर्चो को पूरा करने के लिए ग्रामीण ऋण की आवश्यकता होती है। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**4**
33. **(क)**	(i) "वैश्वीकरण भारत के लिए केवल सकारात्मक परिणामों वाली एक प्रक्रिया रही है।" दिए गए कथन का मान्य स्पष्टिकरण के साथ समर्थन अथवा खंडन कीजिए। **उत्तर: दिए गए कथन का खंडन किया जाता है। वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक और नकारात्मक दोनों परिणाम उत्पन्न किए हैं।** **सीमामुक्त विश्व की रचना से, भारतीय अर्थव्यवस्था की, वैश्विक बाजारों तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी तक पहुँच बढ़ गई है।** **इसके विपरीत, वैश्वीकरण ने विकसित राष्ट्रों के लिए अन्य राष्ट्रों में अपने बाजारों का विस्तार करना सरल बना दिया, जिससे इन राष्ट्रों को लोगों के कल्याण से समझौता करना पड़ा । परिणामस्वरूप, लोगों तथा राष्ट्रों के मध्य आर्थिक असमानताओं में भी वृद्धि हुई ।** (ii) "स्वतंत्रता उपरांत अवधि में कृषि क्षेत्र में बिचौलियों के उन्मूलन' से समता का लक्ष्य प्राप्त हुआ था।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? वैध स्पष्टिकरण सहित अपने उत्तर का समर्थन कीजिए। **उत्तर: असहमत। बिचौलियों के उन्मूलन से कृषि में समता का लक्ष्य पूरी तरह से पूरा नहीं हुआ, क्योंकि कुछ क्षेत्रों में पूर्ववर्ती ज़मींदारों ने कानून की खामियों का लाभ उठाकर भूमि के बड़े क्षेत्रों पर अपना स्वामित्व बनाए रखा। ऐसे मामले भी थे जहाँ किरायेदारों को बेदखल कर दिया गया और भूमि मालिकों ने खुद को ही कृषक बताया। जब किसानों को भूमि का स्वामित्व मिला, तब भी सबसे निर्धन कृषि मजदूरों को भूमि सुधारों से कोई लाभ नहीं मिला। (पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3** **3**
	अथवा	**6**

(ख)	(i) "कृषि उपदान सरकारी वित्त पर भारी बोझ डालते हैं, परंतु यह निर्धन व सीमांत कृषकों के लिए आवश्यक हैं।" दिए गए कथन का वैध स्पष्टिकरण के साथ औचित्य सिद्ध कीजिए। **उत्तर: कृषि उपदान का आरम्भ भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक विचारशील कदम था।** **कृषि उपदान जारी रखने के पक्ष में तर्क:** **• अधिकांश (छोटे और सीमांत) कृषक उपदान के बिना महंगे कृषि आगत खरीदने में सक्षम नहीं हो पाएंगे।** **कृषि उपदान के विपक्ष में तर्क:** **• प्रायः यह तर्क दिया जाता है कि कृषि उपदान ने जरूरतमंद किसानों की सहायता करने की तुलना में उर्वरक उद्योग को अधिक सहायता की है।** **(अन्य कोई उपयुक्त व्याख्या के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)** (ii) योजना अवधि के अंतर्गत भारत में रोज़गार और समता पैदा करने में लघु उद्योगों की भूमिका पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। **उत्तर: लघु उद्योगों (SSI) ने भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। SSI को कम पूंजी की आवश्यकता होती है और वे अत्यधिक श्रम प्रधान होते हैं। इस प्रकार, भारत जैसी श्रम-प्रचुर अर्थव्यवस्था में, उन्होंने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उत्पन्न किए हैं। इन उद्योगों को समर्थन देने के लिए, इनके लिए कुछ वस्तुओं का उत्पादन आरक्षित किया गया और उन्हें कम उत्पाद शुल्क और कम ब्याज दरों पर बैंक ऋण जैसी सुविधाएँ भी दी गईं।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**1 ½** **1 ½** **3** **6**
34.	निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए: उद्योगों के बढ़ते हुए कार्बन पदचिह्नों (footprints) के कारण, जलवायु संकट में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में विद्युत् व इस्पात क्षेत्र सुर्ख़ियों में रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से हमारे उद्योगों व व्यवस्थाओं के कार्बन पदचिह्नों (footprints) को कम करने वाली प्रथाओं व प्रक्रियाओं का पालन करके ही निपटा जा सकता है। यह हरित वित्त-पोषण से ही संभव है। हरित वित्त-पोषण का उद्देश्य सार्वजनिक, निजी और गैर-लाभकारी क्षेत्रों से धारणीय विकास के लिए वित्तीय प्रवाह (बैंकिंग, माइक्रो-क्रेडिट, बीमा और निवेश से) के स्तर को बढ़ाना है। वैश्विक हरित वित्त (ग्लोबल ग्रीन फाइनेंस) ने भी भारतीय कंपनियों का पीछा करना शुरू कर दिया है। वैश्विक विकास वित्त संस्थान और धन (फंड) सौर ऊर्जा और जल-विद्युत जैसी परियोजनाओं के लिए सस्ती दरों पर दीर्घकालिक समर्थन (इक्विटी और ऋण दोनों) देने के लिए तैयार हैं। हरित वित्त पर्यावरण की गुणवत्ता, आर्थिक विकास व वित्तीय मुद्दों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जो हरित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करते हैं, जैसे कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना, ऊर्जा दक्षता में सुधार करना या जैविक अर्थव्यवस्था में वृद्धि करना। दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (क) हरित वित्त का अर्थ व उद्देश्य का उल्लेख कीजिए। **उत्तर: हरित वित्त उन प्रथाओं और प्रक्रियाओं को संदर्भित करता है जिनका पालन उद्योगों और व्यवसायों द्वारा कार्बन पदचिह्नों को कम करने के लिए किया जाना चाहिए।** **हरित वित्त का उद्देश्य सार्वजनिक, निजी और गैर-लाभकारी क्षेत्रों (बैंकिंग, माइक्रो-क्रेडिट, बीमा और निवेश) से धारणीय विकास प्राथमिकताओं की ओर वित्तीय प्रवाह के स्तर को बढ़ाना है।** (ख) हरित वित्त-पोषण के किन्हीं दो लाभों पर चर्चा कीजिए। **उत्तर: हरित वित्त-पोषण के लाभ निम्नलिखित हैं:** **• हरित वित्त ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करके पर्यावरण की गुणवत्ता को सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।** **• हरित वित्त हरित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने वाली परियोजनाओं में निवेश करके ऊर्जा दक्षता में सुधार करता है।** **(अन्य कोई उपयुक्त लाभ लिए भी अंक प्रदान किए जाए)**	**1** **2** **1 ½** **1 ½** **6**

* * *